



# भीषण आग में राख हुआ गोदाम, एयरफोर्स व बीएसएफ की दमकलें बुलानी पड़ीं

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** भीषण आग की चपेट में आया कबाड़े का गोदाम जलकर खाक हो गया। घटना बहोड़ापुर इलाके की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंचा दमकल अमला देर रात तक आग बुझाने के प्रयास में जुटाहुआ है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत पवनसुत नगर में आरआर टॉवर के पास गली में संजय गुप्ता का कबाड़े का गोदाम है। जिसमें शनिवार शाम अचानक आग लग गई। जिसने देखते ही देखते भीषण रूप धारण कर लिया। आग भड़कती देख आसपास के रहवासी दहशत में आकर अपने- अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना पाकर कुछ ही देर में पुलिस व दमकल अमला ने भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। देर रात नोडल फायर ऑफिसर डॉ. अतिबल सिंह यादव ने बताया कि अब तक फायर ब्रिगेड के नौ वाहनों सहित दो टैंकर, एक वॉटर वज्र व एक जेसीबी की मदद ली गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। वहीं गोदाम में लगी आग की चपेट में आने से पड़ोस में स्थित एक मकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है।

आग लगने की सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. फायर ब्रिगेड का अमला युद्धस्तर पर आग बुझाने के काम में जुट गया. गोदाम में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील कबाड़ सामग्री मौजूद होने के कारण आग तेज़ी से फैली. खबर लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के प्रयास जारी थे. किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति के भारी नुकसान की आशंका है. पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली करा लिया है. नगर निगम के दमकल दस्ते द्वारा आग पर काबू न पाने के चलते एयरफोर्स और टेकनपुर से बीएसएफ की फायर बिग्रेड बुलाई गई.

# सुबह से छाए बादल, मौसम में ठंडक घुली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** अरब सागर से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मध्य भारत का मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में ग्वालियर चंबल अंचल में बारिश की संभावना है। रविवार को सुबह से ही ग्वालियर में बादल छाए रहे, जिससे धूप नहीं निकल पाई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अरब सागर से लगातार नमी पूर्वी और मध्य क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है। इसके साथ ही नया पश्चिमी विक्षोभ सोमवार से सक्रिय होगा, जिससे उत्तर भारत में वर्षा और बर्फबारी की स्थिति बनेगी। इसका असर मध्य भारत, खासकर ग्वालियर में देखने को मिलेगा। ग्वालियर में हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि बारिश के बाद दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा सकती है। फिलहाल दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बारिश के बाद न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इससे सर्दी का असर एक बार फिर महसूस होने लगेगा।

## अगले 48 घंटे रहेंगे अहम

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार शाम से बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है, जो मंगलवार तक जारी रहेगा। तेज हवाएं चलने से कुछ जगहों पर तापमान में अचानक गिरावट भी हो सकती है। इसके बाद बुधवार से मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे आने वाले दो दिनों तक फसल कटाई न करें और पहले से कटाई की गई उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें। नमी बढ़ने से फसलों में सड़न और अंकुरण का खतरा बढ़ सकता है। विशेष रूप से सरसों और गेहूं की शुरुआती बुवाई वाले क्षेत्रों में यह नमी फायदेमंद भी साबित हो सकती है.

# यातायात पुलिस ने की यात्री बसों की चैकिंग, अनियमितता मिलने पर वसूला शुल्क

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** यातायात पुलिस ने यात्री बसों की चैकिंग का सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बसों के फिटनेस, परमिट एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। जांच के दौरान 4 बसों में अनियमितताएँ पाई गईं, जिन पर मौके पर ही 20 हजार रूपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

थाना प्रभारी यातायात झांसी रोड निरीक्षक के.पी.एस. तोमर ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनु बेनीवाल के निर्देश तथा डीएसपी यातायात अजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यातायात थाना झांसी रोड द्वारा यात्री बसों का



बस स्टैंड झांसी रोड़ पर निरीक्षण कर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में यातायात पुलिस द्वारा डबरा, दतिया, भितरवार एवं झांसी जाने वाली बसों के फिटनेस, परमिट एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। जांच के दौरान 4 बसों में अनियमितताएँ पाई गईं, जिन पर मौके पर ही 20 हजार रूपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। साथ ही पुलिस ने बसों संचालकों को दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत भी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में और अधिक सुधार लाया जा सके।



# राज चड्ढा की पुस्तक सुधियों की आधी सदी का विमोचन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** आईआईटीटीएम के सभागार मे गरिमापूर्ण आयोजन मे जाने माने राजनेता, व्यंग्यकार और पर्यावरण प्रेमी राज चड्ढा की संस्मरणों पर आधारित तीसरी कृति सुधियों की आधी सदी का विमोचन पारिवारिक माहौल मे हुआ. जाने माने शायर अतुल अजनवी के संचालन ने इस आयोजन क़ो ऐसा बाँधा कि ढाई घंटे से भी ज्यादा समय तक श्रोता उपस्थित रहे ही नहीं रहे बल्कि मंच से एकदम जुड़े रहे. मंच पर मुख्य अतिथि प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, अध्यक्षता कर रहे आईटीएम विवि के निवर्तमान कुलाधिपति रमा शंकर सिंह, हिंदी की विदुषी डॉ राज रानी शर्मा, कवि और पूर्व आईएएस राजीव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र जैन और देव श्रीमाली उपस्थित थे. राजनीति से लेकर पत्रकारिता से लेकर समाज मे आये बदलाव पर महती और विचारोंत्तोजक चर्चा हुई. चड्ढा की पुस्तक पचास वर्षो के उतार चढ़ाव और बदलावो क़ो बयां करती है।

# मंदिरों पर पोस्टर लगाएगी महासभा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन द्वारा आज छठ पर्व पर पूजन की व्यवस्था नहीं की ओर किसी भी जनप्रतिनिधियों ने धार्मिक भावनाओं एवं

**छठ पर्व पर पूजन की व्यवस्था नहीं कर धार्मिक आस्था से खिलवाड़ का आरोप लगाकर धर्म सरोवर बनाने की मांग**

आस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया।अखिल भारत हिंदू महासभा ने यह आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि ग्वालियर में हिंदू देवी देवताओं की प्रतिमा विसर्जन एवं त्योहारों पर विसर्जन करने का कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। पूर्व में सिंधिया राजवंश ने इसकी अनेक जगह व्यवस्था की थी लेकिन अब वह स्थान विलुप्त होते जा रहे हैं। समाज सेवी रामबाबू कटारे ने ग्वालियर में हिंदुओं के देवी देवताओं के प्रतिमाओं को विसर्जित करने एवं तलावों पर होने वाले पूजन को लेकर धार्मिक आस्थाओं और भावनाओं को बरकरार रखने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित सभी जन प्रतिनिधियों को पत्र देकर अपनी भावनाओं से आवत कराया था लेकिन अब हिंदू महासभा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सात दिवस में धर्म सरोवर का स्थल एवं कार्य प्रारंभ करने के लिए चेतावनी पत्र लिखा है।

# माधवराव ने मस्तिष्क, मूल्यों और सपनों का भी निर्माण किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** माधौराव सिंधिया की 150वीं जयंती पर रविवार को शहर की कई सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें याद किया। इंदरगंज चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस

**150वीं जयंती पर दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण, किया धर्मगुरुओं का सम्मान**

**शहर की कई सामाजिक संस्थाओं ने किया नमन**

अवसर पर महंत मनीष विठ्ठल अण्णा महाराज ने कहा कि सिंधिया परिवार द्वारा जनहित और प्रजा कल्याण के लिए किये गए अनेक कार्य आज भी अविस्मरणीय और अनुकरणीय है। शिक्षा, रोजगार, यातायात, स्वास्थ्य जैसी कई




मूलभूत सुविधाएं जनता को समर्पित की। आज उनके सपनों को पूरा करने का कार्य केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बखूबी निभा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष प्रताप ने कहा कि तिघरा बांध के जीवनदायी जल से लेकर जयारोग्य अस्पताल के उपचारात्मक स्पर्श तक माधौराव सिंधिया का दृष्टिकोण पीढ़ियों को पोषित करता रहा है। उन्होंने न केवल शहरों और प्रणालियों का निर्माण किया, बल्कि मस्तिष्क, मूल्यों और सपनों का भी निर्माण किया। वह एक सच्चे शासक थे, जिन्होंने अतीत का सम्मान करते हुए भविष्य को अपनाया। कै.माधवराव सिंधिया की याद में दिव्यागजनों को

उपकरण वितरित किए। साथ ही धर्मगुरु महंत मनीष विठ्ठल अन्ना महाराज, पं. गिर्राज गुरु को शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अचलेश्वर न्यास के पूर्व अध्यक्ष राजीव चड्ढा, सचिव जीवाजी क्लब संजय वर्मा, जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासंघ कपिल भार्गव, कृष्णालय संचालिका नम्रता सक्सैना, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजाक्स अतर सिंह जाटव, अध्यक्ष मराठा युवा परिषद प्रशांत इंगले, महेंद्र खत्री, जिलाध्यक्ष एनओपीएस लक्ष्मीनारायण जाटव, जिला संयोजक राजेंद्र सिंह, अनिल शिंदे, त्रिलोक सिंह राठौड़, सोनू अस्थाना, अमन शर्मा, जगदीश गुप्ता, चांद खान उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में जंगल राज : यादव

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं और प्रदेश में जंगल राज हावी है यह बात समाजवादी पार्टी ने लगाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि ग्वालियर में मेरा दो दिवसीय दौरा है जिसके अंतर्गत मैंने ग्वालियर में खस्ताहाल सड़कों की हालत देखी है। यहॉ सड़कों में गड्ढे नहीं गड्ढों में सड़के हैं वहीं ग्वालियर में अपराध अपनी चरम सीमा पर है।उन्होंने चर्चा करते हुए कहा की ग्वालियर में भू माफिया सक्रिय है गरीबों की जमीन पर कब्जे हो रहे हैं शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में फरियादियों की सुनवाई नहीं हो रही है.

# सिकरौदा फ्लाईओवर बनेगा शहर की पहचान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** ग्रामीण विधानसभा के वार्ड 66 के अंतर्गत 48 करोड़ की लागत से बन रहे सिकरौदा चौराहा फ्लाईओवर का रविवार को वार्ड 66 की पार्षद श्रीमती ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर के साथ अधिकारियों ने निर्माणाधीन

**अधिकारियों के साथ पार्षद ने किया निरीक्षण, कहा केंद्रीय मंत्री सिंधिया के विशेष प्रयासों से मिली सौगात**

फ्लाईओवर का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती गुर्जर ने कहा कि यह विशेष ध्यान दिया गया कि फ्लाईओवर निर्माण के बीच यातायात सुगमता



से चलता रहे और नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञात रहे सिकरौदा चौराहा लंबे समय से ग्वालियर का सबसे बड़ा ब्लैक स्पॉट बना हुआ था, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती थीं। स्थानीय नागरिकों एवं पार्षद ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से यहां फ्लाईओवर निर्माण की मांग की थी।स्थानीय रहवासियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया के अथक प्रयासों और पहल के चलते यह फ्लाईओवर स्वीकृत हुआ और आज तेजी से मूर्त रूप ले रहा है। इसके बन जाने से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

स्थानीय नागरिकों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ग्वालियर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# म .प्र . संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से की मांग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अक्टूबर.** म.प्र के शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे 30 हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों का लंबित वेतन दिया जाए एवं बोनस और 11 माह का एरियर भुगतान किया जाए एवं आउट सोर्स प्रथा भर्ती पर रोक लगाई जाए विभाग में रिक्त पदों पर नियमित किए जाने अथवा ठोस नीति बनाई जाने एवं न्यूनतम 21 हजार से अधिक वेतन किए जाने की किए जाने की मांग की जाएगी म.प्र. संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने सरकार से मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 30 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को लंबित वेतन दिया जाए साथ ही बोनस राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। क्योंकि जिन कर्मचारियों का वेतन 21 हजार रुपये से कम है और अधिनियम 1965 के अनुसार बोनस दिया जाना अनिवार्य है। संघ ने यह भी मांग की है कि 1 अप्रैल 2024 से लागू वेतन पुनरीक्षित दर के अनुसार 11 माह का एरियर तथा प्रत्येक माह का वेतन पहले सप्ताह में दिया जाए। साथ ही आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियो के लिए उत्तर प्रदेश शासन की तरह ठोस नीति बनाई मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का आरोप लगाया कि मंत्रियों एवं अधिकारियों को कई ज्ञापन दिए बावजूद विभाग और निजी कंपनियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया है, कई जिलों में वेतन भुगतान नहीं किया गया आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण हजारों परिवार दीपावली महा पर्व नहीं मना सके.

म. प्र. संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा हजारों की संख्या में आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी परिवार सहित मुख्यमंत्री हाउस एवं उपमुख्यमंत्री निवास पर एकत्रित होकर धरने पर बैठ कर अपनी पीड़ा व्यक्त करेंगे एव मांग करेंगे कि आउट सोर्स प्रथा पर रोक लगाई जाए विभाग में रिक्त पदों पर नियमित किए जाने अथवा ठोस नीति बनाई जाने एवं न्यूनतम 21 हजार से अधिक वेतन किए जाने की किए जाने की मांग की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95